# RAILWAY RECRUITMENT CELL, NORTH EASTERN RAILWAY, GORAKHPUR

## RECRUITMENT AGAINST SCOUTS & GUIDES QUOTA FOR THE YEAR 2022-23 FOR GROUP 'C' AND GROUP 'D' POSTS

**Employment Notice No: NER/RRC/SG/2022-23 Dated 22.10.2022**

**Last Date of Online Application : 21.11.2022 (05.00 PM)**

Online Applications are invited from eligible Indian citizens for Recruitment against Scouts & Guides Quota for the year 2022-23 for Group 'C' posts in Level-2 (6th CPC Grade Pay Rs. 1900) and erstwhile Group 'D' posts in Level-1 (6th CPC Grade Pay Rs. 1800) on N.E. Railway and Banaras Locomotive Works (BLW), Varanasi. Candidates may apply by clicking on the link provided at N.E. Railway's website **www.ner.indianrailways.gov.in**.

**(1) No. of Posts : Details of the posts are as under:**

| Sl. No. | Unit / Division | No. of Group 'C' posts (Level-2, 6th CPC GP 1900) | No. of erstwhile Group 'D' posts (Level-1, 6th CPC GP 1800) |
|---|---|---|---|
| 1. | N.E. Railway | 02 | – |
| 2. | BLW, Varanasi | 01 | 02 |
| 3. | Izzatnagar Division, NER | – | 02 |
| 4. | Lucknow Division, NER | – | 02 |
| 5. | Varanasi Division, NER | – | 02 |

**Note: (A)** No posts are reserved for any particular community. **(B)** A candidate can apply for both Group 'C' and Group 'D' posts. However, He/She will have to submit separate applications for Group 'C' and Group 'D' posts along with separate Examination Fee.

**2. Essential Qualification: (A) Educational: (i) For Group 'C' posts: For technician-III:** Matriculation or its equivalent with ITI in relevant trade (Recognised by SCVT/NCVT) and **for other posts:** 12th or its equivalent with 50% marks in aggregate. The compulsion of 50% marks in aggregate will not be insisted upon in case of SC, ST, Ex-Servicemen candidates and candidates possessing qualification higher than 12th or its equivalent. **(ii) For Group 'D' posts:** Matriculation (10th) or its equivalent. **(B) Scouting: (a)** President Scout/Guide/Rover/Ranger or Himalayan Wood Badge (HWB) holder in any section, **(b)** Should have been an active member of a Scouts Organisation for the last 05 years. (The "Certificate of activeness" should be in the prescribed format which will be made available on the NER's website.) **(c)** Should have attended two events at National Level or All Indian Railway's Level and two events at State Level.

**3. Age: (I) For Group 'C' Posts - 18 - 30 years, (II) For Group 'D' Posts - 18 - 33 years,** Age will be reckoned as on **01.01.2023**. The upper age limit is relaxable as under subject to submission of requisite certificates: **(A)** By 05 years for SC/ST Candidates **(B)** By 03 years for OBC Candidates **(C)** Up to the extent of service rendered in Defence plus 03 years for Ex. Servicemen, provided they have put more than 06 months' service after attestation. **(D)** By 5 years for candidates who have ordinarily been domiciled in the State of Jammu & Kashmir during the period from 01.01.1980 to 31.12.1989 **(E)** By 10 years for persons with disabilities (PwD) (13 years for OBC and 15 years for SC/ST). **(F)** Upper age limit for widows, divorced women and women judicially separated from husband but not remarried shall be 35 years for UR, 38 years for OBC and 40 years for SC/ST. **(G)** For serving Railway Staff, casual labour and substitutes, the upper age limits will be 40, 43 and 45 years for UR, OBC and SC/ST respectively, provided they have put in a minimum of 03 years service. **(H)** For those working in Quasi-Administrative offices of the Railway, the upper age relaxation will be up to the length of service, subject to a maximum of 05 years.

**4. How to Apply:** The link for online application is available at North Eastern Railway's website **www.ner.indianrailways.gov.in.** Candidates should carefully read all the instructions given in the Employment Notice before filling the online application form. The online application form should be filled following the step-by-step procedure given on the webpage. All the required fields must be filled up carefully. Candidates must upload their scanned recent coloured photograph and signature at the prescribed place while filling the application form.

**5. Examination Fee: (i)** For all candidates except those mentioned in sub-para (ii) below: Rs. 500/- (Rupees Five Hundred only). Refund of Rs. 400 will be made to those candidates who actually appear in the written examination. **(ii)** For candidates belonging to SC, ST, Ex-servicemen, Persons With Bench Mark Disabilities (PwBDs), Women, Minorities and Economically Backward Classes: Rs. 250/- (Rs. Two Hundred Fifty only). Refund of Rs. 250/- will be made to those candidates who actually appear in the written examination.

The requisite Examination Fee should be deposited as provided on the web page of the online application form. After depositing the Examination fee, the candidate should login again and must take a printout of the application form.

**6. Mode of Selection & Recruitment process:** The candidates, who are found eligible for consideration for recruitment against Scouts & Guides quota shall be assessed on the following basis: **(A) Written Examination:** 60 marks : Separate Written Examinations shall be conducted for Group 'C' and Group 'D' posts. The written examination will consist of 40 objective question (40 marks) & 01 essay type question (20 marks) relating to Scouts and Guides organization and its activities and General Knowledge as per the syllabus given in para 7 hereunder. **(B) Marks on certificates:** 40 marks: **(i)** Participation/Service rendered in National Events/National Jamboree (including All Indian Railway Events): **(a)** For First Two certificates (i.e. minimum eligibility qualification)–No marks, **(b)** For one additional event–07 marks, **(c)** For two or more additional events–10 marks. **(ii)** Participation/Service rendered in State Events/Rallies: **(a)** For First Two certificates (i.e. minimum eligibility qualification)–No marks, **(b)** For one additional event–07 marks, **(c)** For two or more additional events–10 marks. **(iii)** Specialized Scouts/Guides course organized at National/State/All Indian Railways level: **(a)** For one Course–07 marks, **(b)** For two or more Courses–10 marks. **(iv)** Participation in District Rallies: **(a)** For one certificate–No marks, **(b)** For two certificates–07 marks, **(c)** For three certificates–10 marks.

The final empanelment will be made on the basis of overall marks obtained by the candidates in the Written Examination and marks on certificates.

**7. Syllabus:** History of Scouting/Guiding, Law and promise, Organisation-Distt. & State level, Training Center-Distt. and State level, knowledge of Books, Scouting for Boys/Guiding for Girls in India, Motto, left handshake, salute, Prayer, Flag song, National Anthem, Know the National and Scouting Flags, Social services at various occasions, Hiking, Proficiency Badges-how these are earned? Stages in Scouting/Guiding, Thinking Day, Progressive Training of Scouts/ Guides/Rovers/Rangers, Pioneering, Handicrafts, Indian Railway Jamborette, National Jamboree, Jamboree On The Air, Organisation at National Level : National training Centers, WAGGGS/WOSM, Uprashtrapati Award Competition, Prime Minister Shield Competition, Community Development Programmes, Aims and Methods of Scouting, How Scouting is useful in producing better citizens?

**8. General Conditions: (i)** Before applying, the candidates should ensure that they fulfill all the eligibility norms. The Educational or Scouting/Guiding qualifications acquired after the date for submission of application shall not be considered. **(ii)** A candidate shall be called for Written Examination only if he/she is considered fulfilling all the laid down minimum eligibility criteria as per his/ her application. **(iii)** Candidates attempting to give false information/suppressing the facts will be disqualified and are liable for debarment and legal action. Candidates who attempt fraud/impersonation are liable to be debarred to appear in the future examinations conducted for recruitment in Railways. **(iv)** Candidates found eligible for appointment will have to pass the prescribed medical examination conducted by the Railway administration before appointment. **(v)** Mere selection of candidates and recommendation for their reccruitment/appointment shall not confer any right to the candidates for their appointment in Railway.**(vi)** Second class Free journey pass from the nearest Railway station mentioned in the application form will be issued to the candidates belonging to SC & ST communities whenever they are called at any stage of recruitment.**(vii)** The person appointed against Scouts & Guides Quota to the category of clerks will be required to possess proficiency in typing within a period of two years from the date of appointment, and their appointment will be provisional subject to acquisition of the prescribed typing qualification within the stipulated period. In case of non acquisition of typing skill within the prescribed period, no additional time will be given and services of such candidate(s) will be summarily terminated.

**Note: (1)** In Case of difference between English and Hindi versions of the Employment Notice, the English version shall be applicable. **(2)** The decision of RRC/NER in all matters relating to eligibility, acceptance or rejection of the application, issue of free journey pass, penalty for false information, mode of selection, conduct of examination(s), allotment of Examination centre, and all other matters related with recruitment process will be final and binding on the candidates. No enquiry or correspondence will be entertained in this connection. **(3)** Any legal issues arising out of or in connection with this employment notice shall fall within the legal jurisdiction of Central Administrative Tribunal, Allahabad. **(4)** Candidates are advised to visit N.E. Railway's website regularly for information and updates.
**(5)** This Employment Notice is available at N.E. Railway's website **www.ner.indianrailways.gov.in**.

**Chairman**

**Railway Recruitment Cell, N.E. Railway, Gorakhpur**

CPRO/RRC-03

# रेलवे भर्ती सेल, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

## स्काउट एवं गाइड कोटा 2022-23 के अन्तर्गत भर्ती

**रोजगार सूचना सं0-एनईआर/आरआरसी/एसजी/2022-23 दिनांक 22.10.2022**

**आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि-21.11.2022 (5.00 बजे अपरान्ह)**

पूर्वोत्तर रेलवे एवं बनारस रेल इंजन कारखाना (बीएलडब्लू), वाराणसी में स्काउट एवं गाइड कोटा के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के लिए लेवल-2 (छठवें वेतन आयोग का ग्रेड पे रू. 1900) में ग्रुप-सी पदों तथा लेवल-1 (छठवें वेतन आयोग का ग्रेड पे रू. 1800) में पूर्ववर्ती ग्रुप-डी के पदों पर भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर दिये गये लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**(1) पदों की संख्याः-पदों का विवरण निम्नवत हैः**

| क्र सं. | इकाई/ मंडल | ग्रुप-सी पदों की संख्या (लेवल-2,छठवें वेतन आयोग का ग्रेड पे रू. 1900) | पूर्ववर्ती ग्रुप-डी पदों की संख्या (लेवल-1, छठवें वेतन आयोग का ग्रेड पे रू. 1800) |
|---|---|---|---|
| 1. | पूर्वोत्तर रेलवे | 02 | – |
| 2. | बीएलडब्लू, वाराणसी | 01 | 02 |
| 3. | इज्जतनगर मंडल, पूरे | – | 02 |
| 4. | लखनऊ मंडल, पूरे | – | 02 |
| 5. | वाराणसी मंडल, पूरे | – | 02 |

**नोट- (क)** किसी समुदाय विशेष के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। (ख) अभ्यर्थी ग्रुप-सी एवं ग्रुप-डी दोनों पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं परन्तु ग्रुप-सी एवं ग्रुप-डी पदों के लिए अलग-अलग आवेदन एवं परीक्षा शुल्क जमा करना होगा।

**(2) अनिवार्य योग्यताएंः(क) शैक्षिक-(i) ग्रुप-सी पदों के लिएः टेक्नीशियन-III पदों के लिएः** मैट्रिकुलेशन अथवा इसके समकक्ष के साथ संगत ट्रेड में आईटीआई (एससीवीटी/एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त)। **अन्य पदों के लिएः** 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण अथवा इसके समकक्ष। अजा, अजजा, भूतपूर्व सैनिकों तथा 12वीं कक्षा से उच्चतर शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए 12वीं में 50% अकों की बाध्यता नहीं होगी। **(ii) ग्रुप-डी पदों के लिएः** मैट्रिकुलेशन (10वीं) अथवा इसके समकक्ष। **(ख) स्काउटिंग-(i)** प्रेसीडेंट स्काउट/ गाइड/रोवर/रेंजर अथवा किसी भी सेक्शन में हिमालयन वुड बैज (एचडब्लूबी) धारक। (ii) पिछले पांच वर्षों से किसी स्काउट संगठन का सक्रिय सदस्य होना चाहिए। (सक्रियता प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप जो पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा, उसपर होना चाहिए) (iii) राष्ट्रीय स्तर अथवा अखिल भारतीय रेल स्तर पर दो स्पर्धाओं (इवेंट्स) में एवं राज्य स्तर पर दो स्पर्धाओं (इवेंट्स) में शामिल होना चाहिए।

**(3) आयुः (i) ग्रुप सी पदों हेतु - 18 - 30 वर्ष, (ii) ग्रुप डी पदों हेतु - 18 - 33 वर्ष।** आयु की गणना 01.01.2023 की तिथि पर की जायेगी। वांछित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की शर्त पर आयु में छूट निम्नानुसार हैः **(क)** अजा/अजजा अभ्यर्थियों को 05 वर्ष **(ख)** अपिव अभ्यर्थियों को 03 वर्ष **(ग)** भूतपूर्व सैनिकों जिन्होंने साक्ष्यांकन के पश्चात न्यूनतम 06 माह की सेवा पूरी की हो, को सेना में की गयी सेवा की अवधि में 03 वर्ष जोड़कर **(घ)** 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि में जम्मू एवं कश्मीर राज्य के सामान्य निवासी रहे अभ्यर्थियों को 05 वर्ष **(ड.)** विकलांग अभ्यर्थियों को 10 वर्ष (अजा/अजजा को 15 वर्ष एवं अपिव को 13 वर्ष) **(च)** विधवा, तलाकशुदा तथा महिला एवं न्यायिक रूप से पति से पृथक महिला जिसने पुनर्विवाह न किया हो उनके लिए अधिकतम आयु सीमा अजा/अजजा के लिए 40 वर्ष, अपिव के लिए 38 वर्ष तथा अना. के लिए 35 वर्ष होगी। **(छ)** न्यूनतम 03 वर्ष की सेवा कर चुके सेवारत रेल कर्मचारी, आकस्मिक श्रमिक एवं एवजी के लिए अधिकतम आयु सीमा अजा/अजजा के लिए 45 वर्ष, अपिव के लिए 43 वर्ष एवं अना. के लिए 40 वर्ष होगी। **(ज)** रेलवे के अर्द्धशासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए उनकी सेवा की कुल अवधि तक जो अधिकतम 05 वर्ष होगी।

**(4) आवेदन कैसे करें :** ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व रोजगार सूचना में दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानी पूर्वक पढ़ लेना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन करते समय वेबपेज पर दी गयी क्रमवार प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना चाहिए। सभी वांछित खाने सावधानी पूर्वक भरे जाने चाहिए। अभ्यर्थी आवेदन करते समय स्वयं का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर को स्कैन करके निर्धारित स्थान पर अवश्य अपलोड करें।

**(5) परीक्षा शुल्क :** (i) निम्नलिखित उप पैरा (ii) में उल्लिखित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त सभी अभ्यर्थियों हेतु रू. 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) परीक्षा में वास्तविक रूप से सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को रू. 400 वापस कर दिये जायेंगे। (ii) अजा, अजजा, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग, महिला, अल्पसंख्यक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु रू. 250/- (दो सौ पचास रूपये मात्र) । लिखित परीक्षा में वास्तविक रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों को रू. 250/- वापस कर दिया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन के वेब पेज पर दिये गये निर्देश के अनुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किया जाना चाहिए। निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी पुनः लॉगिन कर अपने आवेदन पत्र की एक प्रति अवश्य प्रिंट कर लें।

**(6) चयन का तरीका एवं भर्ती प्रक्रिया :** स्काउट एवं गाइड कोटा के अन्तर्गत भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों का मूल्यांकन निम्नलिखित आधार पर किया जायेगा-

**(क) लिखित परीक्षा (60 अंक) :** ग्रुप-सी एवं ग्रुप-डी पदों के लिए अलग-अलग लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में स्काउट एवं गाइड संगठन तथा उसकी गतिविधियों और सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (40 अंक) एवं एक निबंधरूपीय प्रश्न (20 अंक) निम्नलिखित पैरा-7 में दिये गये पाठ्यक्रम के अनुसार होगा।

**(ख) प्रमाण पत्रों पर अंक (40 अंक) :** (i) राष्ट्रीय स्पर्धाओं (नेशनल इवेंट्स)/राष्ट्रीय जम्बूरी (अखिल भारतीय रेल स्पर्धाओं सहित) में प्रतिभागिता/प्रदत्त सेवायें:- **(अ)** प्रथम दो प्रमाण पत्रों हेतु (जो कि न्यूनतम अर्हता है)-कोई अंक नहीं **(ब)** एक अतिरिक्त स्पर्धा हेतु 07 अंक **(स)** दो अथवा अधिक अतिरिक्त स्पर्धाओं हेतु 10 अंक। (ii) राज्य स्पर्धाओं/रैलियों में प्रतिभागिता/प्रदत्त सेवायें:- **(अ)** प्रथम दो प्रमाण पत्रों हेतु (जो कि न्यूनतम अर्हता है)-कोई अंक नहीं, **(ब)** एक अतिरिक्त स्पर्धा हेतु 07 अंक, **(स)** दो अथवा अधिक अतिरिक्त स्पर्धाओं हेतु 10 अंक। (iii) राष्ट्रीय/राज्य/अखिल भारतीय रेल स्तर पर आयोजित विशिष्ट स्काउट/गाइड कोर्सः- **(अ)** एक कोर्स हेतु 07 अंक, **(ब)** दो अथवा अधिक कोर्स हेतु 10 अंक। (iv) जिला रैलियों में प्रतिभागिताः-**(अ)** एक प्रमाण पत्र हेतु कोई अंक नहीं, **(ब)** दो प्रमाण पत्रों हेतु 07 अंक, **(स)** तीन प्रमाण पत्रों हेतु 10 अंक।

अधिसूचित रिक्तियों के अनुरूप अन्तिम नामिका मेरिटक्रम पर आधारित होगी जो कि लिखित परीक्षा एवं प्रमाण पत्रों के प्राप्तांकों के योग के आधार पर तैयार की जायेगी।

**(7) पाठ्यक्रमः** स्काउटिंग/गाइडिंग का इतिहास, नियम एवं प्रतिज्ञा, संगठनः जिला एवं राज्य स्तर, ट्रेनिंग सेंटरः जिला एवं राज्य स्तर, पुस्तकों का ज्ञान, स्काउटिंग फार ब्वायज, भारत में गाइडिंग फॉर गर्ल्स, सिद्धांत (मोटो), बांयाँ हाथ मिलाना, सैल्यूट, प्रार्थना, झण्डा गीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय एवं स्काउटिंग झण्डे को जानना, विभिन्न अवसरों पर सामाजिक सेवायें, हाइकिंग, प्रोफिशिएंसी बैज एवं इन्हें कैसे अर्जित किया जाता है, स्काउटिंग/गाइडिंग में स्टेजेज, चिन्तन दिवस, स्काउट्स/गाइड्स/रोवर्स/रेंजर्स की प्रोग्रेसिव ट्रेनिंग, पायनियरिंग, हस्तकला, भारतीय रेलवे जम्बोरेट, राष्ट्रीय जम्बूरी, जम्बूरी आन द एयर, राष्ट्रीय स्तर पर संगठन, राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, वैग्स/वोज्म, उपराष्ट्रपति अवार्ड प्रतियोगिता, प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता, सामुदायिक विकास कार्यक्रम, स्काउटिंग के उद्देश्य और विधि। बेहतर नागरिक बनाने में स्काउटिंग कैसे उपयोगी है।

**(8) सामान्य शर्तें :** (i) आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह सभी योग्यता शर्तों को पूरा करता है। आवेदन करने की तिथि के बाद अर्जित अर्हताएं मान्य नहीं होंगी। (ii) आवेदन पत्र में प्रदत्त सूचनाओं के आधार पर भर्ती की न्यूनतम अर्हता/शर्त पूरी करने पर ही अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा। (iii) गलत सूचना देने अथवा तथ्यों को छुपाने का प्रयास करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य करार दिया जायेगा एवं उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जायेगी तथा धोखाधड़ी करने अथवा प्रतिरूपण का प्रयास करने वाले अभ्यर्थी को भविष्य में रेलवे द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित भी कर दिया जायेगा। (iv) नियुक्ति के लिए विचारणीय अभ्यर्थियों को रेलवे द्वारा आयोजित निर्धारित चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा। (v) चयन होने एवं भर्ती/नियुक्ति के लिए अनुशंसा किये जाने मात्र से अभ्यर्थियों को रेलवे में भर्ती का अधिकार प्राप्त नहीं होता है। (vi) अजा एवं अजजा समुदाय के अभ्यर्थियों को भर्ती के किसी चरण में बुलाये जाने पर उन्हें उनके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लिखित निकटतम रेलवे स्टेशन से निःशुल्क द्वितीय श्रेणी यात्रा पास जारी किया जायेगा। (vii) स्काउट एवं गाइड कोटा के अन्तर्गत भर्ती लिपिक श्रेणी के कर्मियों को नियुक्ति की तिथि से दो वर्षों के अन्दर टाइपिंग की निर्धारित दक्षता परीक्षा पास करनी होगी तथा उनकी नियुक्ति निर्धारित समयावधि में टाइपिंग अर्हता अर्जित करने की शर्त पर प्रोविजनल होगी। निर्धारित समयावधि में टाइपिंग अर्हता अर्जित न करने वाले अभ्यर्थियों को कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा और उनकी सेवायें समाप्त कर दी जायेंगी।

**नोट-(1)** रोजगार सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी रूपों में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी रूप ही मान्य होगा। **(2)** अभ्यर्थी की पात्रता, आवेदन को स्वीकार करने या अस्वीकार करने, निःशुल्क रेल यात्रा पास जारी किये जाने, झूठी सूचना के लिए दण्ड, चयन के तरीके, परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केन्द्र के आवंटन तथा भर्ती प्रक्रिया से सम्बंधित सभी मामलों में रेलवे भर्ती सेल, पूर्वोत्तर रेलवे का निर्णय अन्तिम और बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में किसी प्रकार की पूछताछ या पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जायेगा। **(3)** इस रोजगार सूचना से सम्बन्धित किसी प्रकार के विधिक मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, इलाहाबाद होगा। **(4)** अभ्यर्थियों को इस संबंध में अद्यतन जानकारी हेतु पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है। **(5)** यह रोजगार सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

**अध्यक्ष**

**रेलवे भर्ती सेल, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

मुजाधि/आरआरसी-03